बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-45
**04/02/2024**

# मुख्यमंत्री ने पटना के जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कैंसर वार्ड का किया उद्घाटन, अत्याधुनिक कैंसर मशीन का किया शुभारंभ

पटना, 04 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना के जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कैंसर वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कैंसर की अत्याधुनिक मशीन 'वरियन एज रेडियेशन मशीन' का भी शुभारंभ किया।

कैंसर वार्ड का उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने वार्ड के विभिन्न विभागों– कैथ लैबस, इंडोस्कोपी, फीजियोथेरेपी आदि का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक कैंसर मशीन को भी देखा और इसके कार्य पद्धति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोगों का उद्देश्य है कि सम्पूर्ण कैंसर केयर एक छत के नीचे हो तथा कैंसर का शीघ्र निदान और तुरंत उपचार हो। कैंसर की 'वरियन एज रेडियेशन मशीन' पूर्वी भारत की पहली अत्याधुनिक मशीन है तथा देश में यह दूसरी मशीन है जो यहां कैंसर के उपचार के लिये काफी उपयोगी होगा।

कार्यक्रम में जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ0 नरेश त्रेहान, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल,पटना के प्रबंध निदेशक डॉ0 रविशंकर सिंह, डॉ0 राजीव रंजन, डॉ0 अमरेन्द्र अमर सहित अन्य चिकित्सकगण मौजूद थे।

******